भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4543

दिनांक 23 मार्च, 2021 को उत्तर देने के लिए

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के घाटे में चलने वाले उपक्रम

4543. डॉ. भारती प्रवीण पवार:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान घाटे में चल रहे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) का ब्यौरा क्या है और आज की तिथि के अनुसार इनमें कितना निवेश किया गया है तथा इसकी संपत्ति की निवल मूल्य कितना है;

(ख) क्या नीति आयोग ने नए निवेश के लिए संसाधन जुटाने के मद्देनजर सरकार के घाटे में चल रहे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन करने और लाभ अर्जित करने वाले उपक्रमों के साथ इनका विलय करने का अनुरोध किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के ऐसे उपक्रमों की पहचान की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो यह प्रक्रिया कब तक आरंभ होने/पूरी होने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क): पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान लगातार घाटे में चल रहे केंद्रीय सरकारी लोक उद्यमों (सीपीएसईज़) और कुल परिसंपत्ति मूल्य के साथ-साथ दिनांक 31.03.2020 तक उसमें किए गए निवेश की राशि का ब्यौरा अनुबंध पर है।

(ख) से (ङ): नीति आयोग ने सूचित किया है कि उसने न तो सरकार से अनुरोध किया है और न ही परिसंपत्तियों का मूल्यांकन करने और नए निवेश के लिए संसाधन जुटाने के उद्देश्य से लाभ अर्जित करने वाले उपक्रमों के साथ घाटे में चल रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को विलय करने की सिफारिश की है। सीपीएसईज़ संबंधित मंत्रालयों/विभागों के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करते हैं। सीपीएसईज़ के पुनरुद्धार/पुनर्गठन/बंद करने से संबंधित सभी मामलों को संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा निपटाया जाता है। संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग ऐसे सीपीएसईज़ के लिए मामला-दर-मामला आधार पर पुनरुद्धार/पुनर्गठन योजनाएं भी तैयार करते हैं और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी प्राप्त करने के बाद योजना को लागू करते हैं। लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने रूग्ण/प्रारंभिक रूग्ण और कमजोर सीपीएसईज़ के पुनरुद्धार और पुनर्गठन के लिए तंत्र को सुव्यवस्थित करने हेतु दिनांक 29.10.2015 को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग सीपीएसईज़ की रूग्णता की निगरानी करने और कार्य-निष्पादन आधार पर अपने नियंत्रण में कार्य कर रहे रूग्ण/प्रारंभिक रूप से रूग्ण/कमजोर सीपीएसईज़ की पहचान करने और समय पर उपचारात्मक उपाय करने के लिए उत्तरदायी हैं।

*****

दिनांक 23.03.2021 को उत्तर देने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4543 के भाग (क) में संदर्भित अनुबंध

वित्तीय निवेश और कुल परिसंपत्तियों के साथ-साथ वर्ष 2019-20 के आधार पर पिछले 3 वर्षों में लगातार घाटे में चल रहे सीपीएसईज़ की सूची

(रूपए लाख में)

क्र. सं.	सीपीएसईज़ का नाम	दिनांक 31.03.2020 तक वित्तीय निवेश	दिनांक 31.03.2020 तक कुल परिसंपत्ति
1	एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड	16667	190369
2	एयर इंडिया लिमिटेड	4096517	5235218
3	एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड	256737	256720
4	भारत इम्यूनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स कार्पोरेशन लिमिटेड	4318	12683
5	भारत पेट्रो रिर्सोसेज लिमिटेड	756240	610986
6	भारत पंप्स एंड कंप्रेसर लिमिटेड	7831	16030
7	भारत संचार निगम लिमिटेड	3233878	14676081
8	भेल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड	1050	2104
9	बीपीसीएल-केआईएएल फ्यूल फार्म प्राइवेट लिमिटेड	1709	4944
10	ब्रिटिश इंडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड	11465	12164
11	सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्री कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	1165	7228
12	छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड	232251	237056
13	फ्रेश एंड हेल्दी एंटरप्राइजेज लिमिटेड	21501	4039
14	हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम एक्सपोर्ट्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	2829	29579
15	हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड	11208	26510
16	एचएलएल बायोटेक लिमिटेड	58908	52686
17	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड	27660	43661
18	हुगली प्रिंटिंग कंपनी लिमिटेड	103	213
19	होटल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	13760	15520
20	एचपीसीएल बायोफ्यूल्स लिमिटेड	90992	73768
21	आईडीपीएल (तमिलनाडु) लिमिटेड	6592	6717
22	इंडियन वैक्सीन कार्पोरेशन लिमिटेड	1879	987
23	इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड	69087	65606
24	मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	21342	152779
25	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	1340518	1665608
26	नागालैंड पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड	18521	10966
27	नैनी एयरोस्पेस लिमिटेड	5000	4211
28	नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन लिमिटेड	306216	331795
29	एनबीसीसी इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड	100	469
30	नॉर्थ ईस्टर्न रीजनल एग्री. मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड	3265	3045
31	उड़ीसा मिनरल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड	60	47946
32	पी ई सी लिमिटेड	6000	18048
33	पावरग्रिड एनएम ट्रांसमिशन लिमिटेड	136731	127644
34	पंजाब लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड	26852	25212
35	रांची अशोक बिहार होटल कार्पोरेशन लिमिटेड	490	556
36	सांभर साल्ट्स लिमिटेड	974	3746
37	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड	9928	8495
38	एसटीसीएल लिमिटेड	150	401
39	टीसीआईएल बीना टोल रोड लिमिटेड	11818	7370
40	टीसीआईएल लखनदौन टोल रोड लिमिटेड	9560	8765
41	द बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड	9030	2290
42	उत्कल अशोक होटल कार्पोरेशन लिमिटेड	480	236
43	विशाखापट्टनम पोर्ट लॉजिस्टिक्स पार्क लिमिटेड	21414	21218